>

Title: The Minister of Steel laid a statement regarding status of implementation of the recommendations contained in the 10th Report of Standing Committee on Coal and Steel on Demands for Grants (2009-10), pertaining to the Ministry of Steel.

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं, यह वक्तव्य दिनांक 01 सितंबर, 2004 के लोक सभा बुलेटिन भाग-II के अनुसार माननीय लोक सभा अध्यक्ष के निदेश 73-ए के अनुसरण में कोयला एवं इस्पात से संबंधित स्थाई समिति की दसवीं रिपोर्ट (पंद्रहवी लोक सभा) में निहित टिप्पणियों/सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में दे रहा हूं।

उपर्युक्त दसवीं रिपोर्ट 07 दिसंबर, 2010 को लोक सभा और राज्य सभा में प्रस्तुत कर दी गई थी। यह रिपोर्ट इस्पात मंत्रालय के वर्ष 2009-10 की अनुदान मांगों की जांच से संबंधित है।

उक्त रिपोर्ट में समिति ने मंत्रालय के उद्देश्यों, लक्ष्यों और उपलब्धियों के संबंध में कुल पांच सिफारिशें/एक टिप्पणी (छः पैरों में) की है और इन पर सरकार की ओर से कार्रवाई अपेक्षित है।

समिति की रिपोर्ट में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों के संबंध में की गई कार्रवाई का विवरण कोयला एवं इस्पात से संबंधित स्थाई समिति को 07 अप्रैल, 2011 को भेजा गया था।

समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की मौजूदा स्थिति मेरे वक्तव्य के अनुलग्नक में दर्शाई गई है, जो एतद्द्वारा लोक सभा के पटल पर प्रस्तुत है। मैं इस संलग्न अनुलग्नक की सम्पूर्ण विषय-वस्तु का वाचन करके सदन का बहुमूल्य समय नहीं लाना चाहता हूं। मैं अनुरोध करता हूं कि इसे सदन में पढ़ा हुआ मान लिया जाए।